झारखण्ड सरकार
झारखण्ड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद

Website : http://jceceb.jharkhand.gov.in
e-mail id: jceceboard@gmail.com
Phone no.: 9264473891

विज्ञापन संख्या : जे॰सी॰ई॰सी॰ई॰बी॰ / 30 / 22 –04 ,राँची / दिनांक: 01 / 02 / 2023

झारखण्ड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा (कृषि एवं अन्य समवर्गी पाठ्यक्रमों के लिए) –2022 के परीक्षाफल के आधार पर अंतिम चक्र ऑनलाईन साक्षात्कार के आयोजन से संबंधित आवश्यक सूचना

झारखण्ड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा (कृषि एवं अन्य समवर्गी पाठ्यक्रमों के लिए)– 2022 के परीक्षाफल के आधार पर पर्षद द्वारा की गई प्रथम एवं द्वितीय चक्र ऑनलाईन साक्षात्कारों के उपरान्त विभिन्न संस्थानों के व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में रिक्त रह गये सीटों पर नामांकन हेतु अनुशंसा के निमित्त दिनांक–02.02.2023 से अंतिम चक्र ऑनलाईन साक्षात्कार आयोजित की जा रही है।

2. वैसे अभ्यर्थी जो प्रथम एवं / या द्वितीय चक्र साक्षात्कार से किसी संस्थान में नामांकित है तथा रिक्त बचे सीटों पर पाठ्यक्रम / संस्थान परिवर्तन कराना चाहते है तो वे भी इस साक्षात्कार में शामिल हो सकते है। **यदि उक्त साक्षात्कार में उन्हे सीट आवंटित होता है तो उन्हें नये पुर्नआवंटित पाठ्यक्रम एवं / या संस्थान में नामांकन कराना अनिवार्य होगा क्योंकि उनके पूर्व का नामांकन स्वतः रद्द हो जायेगा।**

3. उक्त साक्षात्कार में वैसे सभी अभ्यर्थी भाग ले सकते है जिन्हे पर्षद द्वारा पूर्व में आयोजित साक्षात्कारों में सीट आवंटित की गई हो किन्तु किसी कारणवश नामांकन नहीं करा सके हो या साक्षात्कार में शामिल नहीं हो सके हो या सीट आवंटित नहीं हो सका हो।

4. परीक्षाफल में शामिल सभी धनात्मक अंक धारित अभ्यर्थियों को मेधा–सह–ईच्छा के आधार पर ऑनलाईन साक्षात्कार के माध्यम से सीटों का आवंटन किया जायेगा। नामांकन के समय अनुशंसित अभ्यर्थियों को औपबंधिक सीट आवंटन पत्र के अनुरूप वांछित प्रमाण–पत्र / पत्रों की मूल–प्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा अन्यथा वे नामांकन से वंचित हो जायेगें। वांछित प्रमाण–पत्रों के प्रारूप पर्षद के वेबसाईट के "Download" कॉलम में उपलब्ध है।

5. अभ्यर्थियों तथा संबंधित संस्थानों को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि झारखण्ड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा (कृषि एवं अन्य समवर्गी पाठ्यक्रमों के लिए)– 2022 के परीक्षाफल के आधार पर विभिन्न व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की रिक्त सीटों पर नामांकन की अनुशंसा हेतु अंतिम चक्र ऑनलाईन साक्षात्कार निम्न कार्यक्रम के अनुसार आयोजित की जायेगी :–

Time Schedule for Last Round of Online Counselling

Sl.No.	Activity	Date	
		From	To
a.	Online Registration and Choice Filling for Seat Allotment	02.02.2023	05.02.2023
b.	Editing in filled up choices	06.02.2023	
c.	Issue of Provisional Seat Allotment Letter	08.02.2023	11.02.2023
d.	Certificates/Documents Verification and Admission in the Concerned Institute	08.02.2023	11.02.2023

6. अभ्यर्थियों द्वारा पर्षद के वेबसाईट पर उपलब्ध **"Link for All Online Counselling JCECEB-2022"** लिंक पर **Click** कर दिये गये दिशा–निर्देशों का अनुसरण करते हुए संस्थान/संस्थानों एवं पाठ्यक्रम/पाठ्यक्रमों को अपने प्राथमिकता क्रम के अनुसार विकल्पों का चयन करना है। विकल्प चयन करने की संख्या पर कोई प्रतिबन्ध नहीं है। उन्हें सलाह दी जाती है कि सीट आवंटन हेतु अधिक से अधिक विकल्पों का चयन करें।

7. **साक्षात्कार शुल्क:–** अभ्यर्थियों द्वारा साक्षात्कार शुल्क Payment Gateway के माध्यम से Credit Card/Debit Card/Net Banking/UPI के द्वारा निम्न तालिका के अनुसार भुगतान किया जाना है जो अप्रतिदेय (Non-refundable) होगा :–

Sl.No.	**Category**	**Counselling Fee**
1.	General/EWS/BC-I/BC-II	Rs. 400.00
2.	SC/ST/Female Candidate of all Categories	Rs. 250.00

8. आरक्षित सीटों के विरूद्ध अभ्यर्थियों की अनुपलब्धता की स्थिति में आरक्षित सीटों का विनियमन कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग के ज्ञापांक–14/आ0नी0–04–02/2019 का0–1434/राँची दिनांक–15.02.2019 द्वारा निर्गत संकल्प के अनुसार किया जायेगा।

9. **उक्त साक्षात्कार में संबंधित संस्थानों को पर्षद द्वारा प्रतीक्षा सूची (Waiting List) भी उपलब्ध करायी जा रही है जिसके आधार पर नामांकन हेतु अनुशंसित अभ्यर्थियों के नामाकनोपरान्त किसी कोटि में रिक्ति होने की स्थिति में, उक्त प्रतीक्षा सूची से संबंधित संस्थान द्वारा तद्नुसार अभ्यर्थियों का नामांकन मेधा क्रमानुसार लिया जा सकता है।**

परीक्षा नियंत्रक के आदेश से,

(रंजीता हेम्ब्रम, झा॰प्र॰से॰)
उप परीक्षा नियंत्रक